केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/246 दिनांक: 01.07.2016

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00245
CICOM/R/2016/00584

अपीलकर्ता : श्री विश्वेश्वर पासवान,
भीम कनाली कालोनी,
आवास एम-6/ए-88, पो0 – खानूडीह,
धनबाद – 828307.

निर्णय की तारीख : 01.07.2016

आर.टी.आई. आवेदन की तिथि	27.04.2016
आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि	10.05.2016, 06.06.2016
प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी	श्री कृष्ण अवतार तलवार, श्री आर.पी.ग्रोवर
प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि	02.06.2016
आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि	142504/08.06.2016
प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि	343/09.06.2016

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से चार द्वितीय अपील आदेशों के अनुपालना के संबंध में लिखे गए पत्रों पर की गई कार्यवाही के संबंध में सूचना मांगी थी । जिसके प्रतिउत्तर में श्री कृष्णअवतार तलवार, उप-सचिव व जन सूचना अधिकारी द्वारा बिंदु (क) -1 एवं 2 के संबंध में दिनांक 10.05.2016 को तथा श्री आर.पी.ग्रोवर, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी द्वारा बिंदु सं. (ख), (ग) एवं (घ) – 1 तथा 2 के संबंध दिनांक 06.0.6.2016 को सूचना प्रदान की गई है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-सचिव व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-के.वाई. कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचना बिल्कुल सही है तथा अधोहस्ताक्षरी इससे पूर्णत: सहमत है तथा श्री आर.पी. ग्रोवर, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-वाई.ए. कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचना संतोषप्रद नहीं है । वेबसाइट पर उपलब्ध डाटा के अनुसार बिंदु सं. (ख), (ग) एवं (घ) से संबंधित पत्र उप-पजीयक, सूचना आयुक्त-वाई.ए. को अग्रसारित किए गए हैं, तद्नुसार श्री आर.पी.ग्रोवर, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-वाई.ए. कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के 15 दिनों के अंदर अपीलकर्ता को वांछित सूचना पूर्ण और स्पष्ट रूप में उपलब्ध करवाई जाए, अगर संबंधित दस्तावेज उनके पास उपलब्ध नहीं हैं तो दस्तावेज से संबंधित अधिकारियों की मदद भी ली जा सकती है । ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

अचला सिन्हा

(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

O/C

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-सचिव व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-के.वाई. कार्यालय, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
3. श्री आर.पी. ग्रोवर, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-वाई.ए. कार्यालय, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
06 JUL 2016
Initials.........

06/07/16

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
06 JUL 2016
D No.........